# लखनऊ विश्वविद्यालय
## लखनऊ, उ0प्र0–226007

**Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412**


संदर्भ संख्या :.............................. / सम्बद्धता / 2022

दिनांक :..........................................

ई–मेल / रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट / व्यक्तिगत

## कार्यालय–ज्ञाप

नवीन महाविद्यालय अथवा पूर्व संचालित महाविद्यालयों में नवीन पाठ्यक्रमों / विषयों (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) की **पूर्व वर्षों के सहयुक्तता के लम्बित प्रस्तावों के निस्तारण हेतु अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए** उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या : 646 / सत्तर–2–2022–16(11) / 2017, दिनांक : 14.07.2022 द्वारा निम्नानुसार समय–सारिणी निर्धारित की गयी है, जिसके परिप्रेक्ष्य में कार्यालय ज्ञाप संख्या : आर / 1005 / 22, दिनांक : 19.07.2022 एवं संख्या : 14118–22, दिनांक : 22.07.2022 निर्गत किये जा चुके हैं –

| क.सं. | कार्यवाही | समय–सीमा |
|---|---|---|
| 1 | निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना | दिनांक 15 सितम्बर, 2022 |
| 2 | सदस्य सचिव द्वारा आख्या को ऑनलाइन अपलोड किया जाना | दिनांक 17 सितम्बर, 2022 |
| 3 | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 22 सितम्बर, 2022 |
| 4 | शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 26 सितम्बर, 2022 |
| 5 | शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 30 सितम्बर, 2022 |

**उ0प्र0 शासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय–सारिणी की तिथि व्यतीत होने के उपरान्त दिनांक 01 अक्टूबर, 2022 को लम्बित आवेदन पत्र पोर्टल में स्वतः विलोपित कर दिया जायेगा तथा सम्बन्धित संस्था को नियमानुसार नवीन आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करना होगा।. यह भी स्पष्ट किया गया है कि लम्बित अनापत्ति एवं सहयुक्तता प्रस्तावों का निर्णय शैक्षिक सत्र 2023–24 के लिये मान्य होगा।**

2. उक्त के कम में सूच्य है कि विगत वर्ष ऑनलाइन सहयुक्तता हेतु निम्नलिखित महाविद्यालयों द्वारा आवेदन किया गया है किन्तु स्थलीय निरीक्षण आख्या ऑनलाइन प्राप्त नहीं हुयी हैं :–

| क.स. | महाविद्यालय का नाम | पाठयकम का नाम |
|---|---|---|
| 1. | यशराज इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ | बी0एस–सी0 |
| 2 | यशराज इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ | बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 |
| 3. | गन्ना किसान महाविद्यालय, मोहम्मदी लखीमपुर खीरी | बी0ए0 |
| 4. | बाबू बी0एस0 इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजूकेशन, गोझारी, रायबरेली | बी0ए0 अति.विषय एवं एम0ए0 |
| 5. | बाबू पं0 रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी डिग्री कालेज, जरिया, रायबरेली | बी0ए0 अति.विषय |
| 6. | रामपाल सिंह स्मृति लॉ कालेज, रायबरेली | विधि |
| 7. | मणिराजी पाण्डेय शिक्षण संस्थान एवं प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय, रमसपुर, रायबरेली | बी0ए0 |

अतः **पूर्व से लम्बित उपरोक्त महाविद्यालयों को** निर्देशित किया जाता है कि सहयुक्तता हेतु **15 सितम्बर, 2022** तक प्रत्येक दशा में निरीक्षण कराकर अनिवार्य रूप से **शासन के अनापत्ति / सम्बद्धता के पोर्टल *"henoc.upsdc.gov.in"*** पर अपलोड कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें अन्यथा की स्थिति में **निर्धारित समय–सारिणी की तिथि व्यतीत होने के उपरान्त दिनांक 01 अक्टूबर, 2022 को लम्बित आवेदन पत्र पोर्टल में शासन द्वारा स्वतः विलोपित कर दिये जायेंगे तथा सम्बन्धित संस्था को नियमानुसार नवीन आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करना होगा जिसके लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होंगे।**

(संजय मेधावी)
कुलसचिव

संख्या : AF/15133-44 दिनांक : 08/08/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. इंचार्ज, वेबसाईट / कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित महाविद्यालयों को ई–मेल पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ / प्राचार्य, समस्त राजकीय सहयुक्त महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि जिन निरीक्षण मण्डल में वे सदस्य सचिव नामित हों, प्रत्येक दशा में दिनांक 17.09.2022 तक निरीक्षण आख्या शासन के संदर्भित पोर्टल *"henoc.upsdc.gov.in"* पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. **प्रबन्धक, उपरोक्त सम्बन्धित महाविद्यालयों को इस निर्देश के साथ प्रेषित निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही पूर्ण कराने का कष्ट करें अन्यथा की स्थिति में** निर्धारित समय–सारिणी की तिथि व्यतीत होने के उपरान्त दिनांक 01 अक्टूबर, 2022 को लम्बित आवेदन पत्र पोर्टल में स्वतः विलोपित कर दिये जायेंगे जिसके लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।
5. गार्ड फाईल।

(प्रमोद कुमार मिश्र)
सहा. कुलसचिव(सम्ब.)